हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, रविवार 26 जनवरी 2025

तापमान
अधिकतम 28.2 डिग्री
न्यूनतम 13.6 डिग्री

16 पराक्रम दिवस के रूप में मनाई गई नेताजी की ...


16 सड़क सुरक्षा सप्ताह पर जागरुकता कार्यक्रम




## खबर संक्षेप

### हथियार लहराता हुआ युवक गिरफ्तार

**महासमुंद।** धारदार हथियार लहराकर लोगों को डरा रहे युवक पर पुलिस ने कार्रवाई की है। कोतवाली पुलिस ने बताया कि सूचना मिली थी कि 24 जनवरी को एक व्यक्ति अपने हाथ में एक धारदार चाकू को लहराकर डरा धमका रहा था, जिसे आने जाने वाले लोग भयभीत हो रहे थे। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने चाकू लहरा रहे व्यक्ति को घेराबंदी कर पकड़ा। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम नारद ध्रुव पिता अगनू ध्रुव (25 साल) निवासी वार्ड नंबर 28 मौहारीभाठा महासमुंद का रहने वाला बताया। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की।

### चालक से बातचीत एफआईआर दर्ज

**महासमुंद।** सड़क के बीच कंटेनर रोककर बातचीत कर रहे वाहन चालकों के खिलाफ टोल प्लाजा के रूट पेट्रोलिंग ऑफिसर की रिपोर्ट पर पटेवा थाने में एफआईआर दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि 24 जनवरी की शाम करीबन 6.30 बजे नेशनल हाईवे 53 सीएच 204900 आरएचएस रोड छछान माता मंदिर के पास कंटेनर क्रमांक आरजे 32 जीसी 0755 और कंटेनर क्रमांक आरजे 32 जीसी 0673 के चालक अपने-अपने वाहनों को रोड के दोनो ओर बीच में रोककर आपस में बातचीत कर रहे थे, जिससे आने-जाने वाले दूसरे वाहनों को परेशानी हो रही थी, जब हटाने कहा गया तो उन्होंने मना कर दिया। इस मामले में पुलिस ने ढांक टोल प्लाजा के पेट्रोलिंग ऑफिसर जयप्रकाश पाठकर पिता पुनिताराम पाठकर (36 वर्ष), रावणभाठा पारा पिथौरा की रिपोर्ट दोनों वाहन चालकों के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### ट्रक चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** दुर्ग से जगन्नाथ पुरी जा रही बस के एक्सीडेंट मामले में सरायपाली थाने में आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। बता दें कि इस घटना में एक 6 महीने की बच्ची की मौत हो गई थी और बस में सवार अन्य लोग घायल हुए थे।
पुलिस ने बताया कि 24 जनवरी को बस क्रमांक सीजी-23-एन-2400 से कुल 43 लोग सवार होकर दुर्ग से जगन्नाथ पुरी जा रहे थे। सुबह 04 बजे सरायपाली स्थित भोज अग्रवाल के पेट्रोल पंप के आगे एनएच 53 रोड पर ट्रक क्रमांक आरजे-17-जीए-5673 के पीछे बस टकरा गई। पुलिस ने बताया कि ट्रक चालक द्वारा अपने वाहन को बिना सांकेतिक चिन्ह के लापरवाही पूर्वक रोड पर खड़ा कर दिया था। इस एक्सीडेंट से बस में सवार कुल 43 लोग घायल हो गये जिसमे से एक 06 माह की लड़की इनाया खान पिता शहबाज खान निवासी कुम्हारी खारून ग्रीन जिला दुर्ग की मौके पर मृत्यु हो गई, वहीं अन्य यात्रियों को अस्पताल में दाखिल कराया गया।

# मतदाताओं को रिझाने प्रत्याशी बजाएंगे बांसुरी, सीटी एवं हारमोनियम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले होने वाले चुनाव में उम्मीदवारों को मिलने वाले चुनाव चिन्ह लोगों के लिए कौतूहल का विषय

- चुनाव चिन्ह में मिले इन वाद्य यंत्रों को बजाते एवं बांटते हुए भी नजर आ सकते हैं उम्मीदवार

बनने वाला है क्योंकि राजनैतिक दलों के प्रत्याशियों को छोड़ कर अन्य प्रत्याशी को सीटी, वायलीन, हारमोनियम, बांसुरी जैसे प्रतीक मिलेंगे। इस वजह से प्रत्यासी अपने चुनाव चिन्ह में मिले इन वाद्य यंत्रों को बजाते एवं बांटते हुए भी नजर आ सकते है।

नगरीय निकाय चुनाव के तहत अध्यक्ष के साथ ही पार्षद पद के लिए मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों व स्वतंत्र प्रत्याशियों के लिए चुनाव आयोग के द्वारा प्रतीक चिन्ह की घोषणा की गई है। जिसमे महापौर पद के लिए राष्ट्रीय दल के उम्मीद्वारों को कमल, पंजा, हथौड़ा और हसिया, किताब, हाथी और झाडू का प्रतीक चिन्ह मिलेगा। वहीं राज्यीय दल में हल जोतता किसान का चुनाव चिन्ह निर्धारित है।

## आयोग ने 97 प्रतीक चिन्ह घोषित किए, अध्यक्ष एवं पार्षद को अलग अलग चिन्ह

### स्वतंत्र प्रत्याशियों के लिए यह चुनाव चिन्ह होंगे

स्वतंत्र प्रत्याशियों को स्लेट, कांच का गिलास, ट्यूबलाइट, स्टूल, रोड रोलर, सीटी, प्रेशर कूकर, गले की टाई, बेन्च, अंगूठी, गैस सिलेंडर, हारमोनियम, डीजल पंप, चक्की, मेज, सेब, केतली, फ्राक, बाल्टी, द्वार घंटी, कुंआ, ऑटो रिक्शा, फलों से भरी टोकरी, एयर कंडीसनर, केक, चिमनी, हीरा, बांसूरी, अंगूर, माइक, मटर, सोफा, भाला फेंक, ट्रक, टायर, छड़ी, बटुआ, खिड़की, ईंट, बेल्ट, कैल्कूलेटर, कारपेट, शतरंज बोर्ड, लैपटॉप, कैरम बोर्ड, आईस क्रीम, पेट्रोल पंप, रेफ्रीजरेटर, रूम हीटर, सीसीटीव्ही कैमरा जैसे 50 तरह के चुनाव चिन्हों का आबंटन होगा। राष्ट्रीय व राज्यीय दल के उम्मीद्वार तो अपने दल के प्रतीक चिन्हों के साथ आम जनता के बीच जाएंगे, वहीं स्वतंत्र प्रत्याशियों को इन चुनाव चिन्हों के साथ मतदाताओं को रिझाएंगे।



### पार्षद पद के प्रत्याशियों के लिए ये होंगे चुनाव चिन्ह

राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश के तहत मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय दल और राज्यीय दल के उम्मीद्वारों को उनके दल के प्रतीक चिन्ह का आबंटन होगा, जबकि स्वतंत्र प्रत्या शियों के लिए सिलाई मशीन, ब्लैक बोर्ड, टेलीफोन, लेटर बॉक्स, अलमारी, कढ़ाई, गुब्बारा, बल्ला, मोतियों की हार, साइकिल पंप, कोट, नारियल फार्म, चारपाई, कटहल, वायलिन, बैटरी टॉर्च, बिस्कुट, कैमरा, फूलगोभी, डिश एंटिना, बिजली का खंभा, गैस-चूल्हा, हाथ गाड़ी, तकिया, हांड़ी, आरी, स्कूल का बस्ता, पानी का जहाज, झूला, चिमटा, तरबूज, ऊन व सिलाई, हेलमेट, कंप्यूटर, टेंट, मिक्सी, रूम कूलर, स्वीच बोर्ड, टीवी रिमोट, टेलीविजन जैसे 40 प्रकार के चुनाव चिन्हों का आबंटन होगा।

## चुनाव : 6 नगरीय निकायों के लिए भाजपा ने जारी की अधिकृत सूची

# भाजपा ने तय किए नगर पंचायत अध्यक्ष और पार्षद पदों के प्रत्याशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगरीय निकाय निर्वाचन के लिए जिले के 6 नगरीय निकायों में से महासमुंद, बागबाहरा, बसना, पिथौरा, सरायपाली और तुमगांव के पार्षद प्रत्याशियों की सूची भाजपा जिला संगठन द्वारा जारी कर दी गई है। साथ ही और जिले के 3 नगर पंचायतों में कौन अध्यक्ष प्रत्याशी होंगे इसकी भी सूची जारी कर दी गई है। अब जिले के नगर पालिकाएं महासमुंद, सरायपाली और बागबाहरा में अध्यक्ष प्रत्याशियों के नामों की घोषणा का लोगों को बेसब्री से इंतजार है।

भाजपा जिलाध्यक्ष एतराम साहू द्वारा जारी की गई सूची के अनुसार नगर पंचायत बसना में डॉ. खुशबू अग्रवाल, पिथौरा में देवेश (देवसिंह) निषाद तथा तुमगांव में धर्मेंद्र यादव आसन्न नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा की ओर से अधिकृत उम्मीदवार घोषित किए गए हैं।




### पार्षद पद के लिए यहां ये होंगे प्रत्याशी

**नगर पालिका परिषद महासमुंद** के 30 वार्डों में वार्ड क्रमांक 1 से ज्ञानेश्वरी सार्वा, वार्ड क्रमांक 2 से दिनेश बेहरा, वार्ड क्रमांक 3 से संतोषी पप्पू ठाकुर, वार्ड क्रमांक 4 से महेश कुमार चौहान, वार्ड क्रमांक 5 से पंकज कासना, वार्ड क्रमांक 6 से सीता टोंडेकर, वार्ड क्रमांक 7 से मीना वर्मा, वार्ड क्रमांक 8 से जरीना पति हफीज कुरैशी, वार्ड क्रमांक 9 से माधवी महेंद्र सिका, वार्ड क्रमांक 10 से माखन पटेल, वार्ड क्रमांक 11 से मैना कोसरे, वार्ड क्रमांक 12 से कल्पना सूर्यवंशी, वार्ड क्रमांक 13 से हरबंश सिंह (नानू भाई), वार्ड क्रमांक 14 से देवीचंद राठी, वार्ड क्रमांक 15 से सौम्या आकाश सोनी, वार्ड क्रमांक 16 से राकेश श्रीवास्तव, वार्ड क्रमांक 17 से खुशाल ठाकुर, वार्ड क्रमांक 18 से माधुरी यदु, वार्ड क्रमांक 19 से पूजा सोनी पिता यादराम सोनी पति बादल मक्कड़, वार्ड क्रमांक 20 से निश्चय चंद्राकर, वार्ड क्रमांक 21 से सुदर्शन कुमार, वार्ड क्रमांक 22 से चंद्रशेखर बेलदार, वार्ड क्रमांक 23 से भारती राजेंद्र चंद्राकर, वार्ड क्रमांक 24 से पवन पटेल, वार्ड क्रमांक 25 से भाऊराम साहू, वार्ड क्रमांक 26 से पीयूष साहू, वार्ड क्रमांक 27 से गिरधर यदु, वार्ड क्रमांक 28 से महेंद्र जैन, वार्ड क्रमांक 29 से शुभ्रा मनीष शर्मा, वार्ड क्रमांक 30 से धनेश्वरी सोनवानी प्रत्याशी होंगे।

इसी प्रकार नगर पंचायत तुमगांव वार्ड क्रमांक 1 से गिरजा दास, वार्ड क्रमांक 2 से कमल कुमार देवार, वार्ड क्रमांक 3 से किरण कुलदीप साहू, वार्ड क्रमांक 4 से नीरा शिव साहू, वार्ड क्रमांक 5 से लक्ष्मण पटेल, वार्ड क्रमांक 6 से राकेश धीवर, वार्ड क्रमांक 7 से धनेश्वरी साहू, वार्ड क्रमांक 8 से भारती टंडन वार्ड क्रमांक 9 से भुनेश्वर साहू, वार्ड क्रमांक 10 से फतेलाल निर्मलकर, वार्ड क्रमांक 11 से राजेन्द्र निर्मलकर, वार्ड क्रमांक 12 से संतूराम विश्वकर्मा, वार्ड क्रमांक 13 से सावित्री निर्मलकर, वार्ड क्रमांक 14 से निर्मल निषाद व वार्ड क्रमांक 15 से दुकालू ध्रुव प्रत्याशी होंगे।
**नगर पंचायत बसना** के 15 वार्डों में क्रमशः रमेश सूर्या, डेनीयल पीटर, राधेश्याम नायक, आशीष साहू, लता घृतलहरे, वीणा निर्मलदास, लखन राणा, मुजम्मिल कादरी, शीत गुप्ता, संगीता नायक, महेन्द्र सिंह, विनिता पवन अग्रवाल, राकेश डडसेना, नरेन्द्र सिंह व संगीता भारती।
**नगर पंचायत पिथौरा** के 15 वार्डों में क्रमशः खिरोद प्रकाश पटेल, ललिता डडसेना, पुष्पकांत पटेल, मन्नूलाल ठाकुर, प्रेमराज रौतिया, संदीप सेन, शिल्पा सोनी, पीलाबाई निषाद, संतोष कुमार डडसेना, ज्योति सिन्हा, सरला बंसल, भुनेश्वरी पटेल, विरेन्द्र तिवारी, सुरजीत सिंह (जित्ती) व कौशल दास प्रत्याशी होंगे।
**नगर पालिका सरायपाली** के 15 वार्डों में क्रमशः युगांत कुमार गिरी, जयप्रकाश यादव, देवीदत्त अग्रवाल, शिवा जायसवाल, रोहित प्रधान, ऋषभ गुप्ता, सविता जायसवाल, युवराज गोस्वामी, हेमंत प्रधान, दिव्या आशीष सेन, बलजीत कौर, धारीत्री दास, गंगाराम बघेल, चन्द्रमणी भोई व मेमबाई चौहान प्रत्याशी होंगे।
**नगर पालिका बागबाहरा** के 15 वार्डों में क्रमशः सविता दीवान, नीरज दास, कुलेश देवांगन, सूर्या देवांगन, प्रीति महेन्द्र गुप्ता, डिगेश्वर ठाकुर, बलराम ठाकुर, पूजा पांडेय, अशोक दीप, गणेश कोसरिया, रूपेश (प्रेम) साहू, श्यामा लोकू चन्द्राकर, उदय सिंह चंदेल, नंदू सोनी व अनीता तांडी प्रत्याशी होंगे।

## गांजा का अवैध परिवहन कर रहे 5 अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले की पुलिस ने गांजा का अवैध परिवहन करने वाले 5 अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से दो लाख 40 हजार का 16 किलो गांजा जब्त किया गया है। यह कार्रवाई थाना सिंघोड़ा एवं एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स द्वारा की गई। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि पांच व्यक्ति एक सफेद कलर की स्विफ्ट कार क्रमांक एमएच 36 जेड 5611 में अवैध मादक गांजा रखकर ओडिशा से छत्तीसगढ़ की ओर आ रहे है,कि सूचना पर एनएच 53 रोड ग्राम रेहटीखोल जाकर नाकाबंदी की गई, कुछ देर बाद वह वाहन आती दिखी। पुलिस को देखकर आरोपी गाड़ी को तेज गति से चलाकर भागने लगे। जिन्हें स्टाफ द्वारा दौड़ाकर पकड़ा गया। भागने का कारण पूछने पर गाड़ी में गांजा होना बताया, जिसे रेराखोल संबलपुर ओडिशा से नागपुर महाराष्ट्र ले जाना बताया। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम अब्दुल वाजिद पिता वाहिद अंसारी (28 साल) प्लाट नंबर 567/ए ओपी वाईट हाऊस आटोमोटिव इस्क्वायर कैम्पटी रोड अप्पलवाडी थाना कपीलनगर जिला नागपुर महाराष्ट्र, मो. शाबीर अंसारी पिता जमालुद्दीन अंसारी (22 साल) मोमिनपुरा अंसारनगर थाना गांधीबाग जिला नागपुर महाराष्ट्र, शशांक धारगावे पिता अतिश धारगावे (21 साल) मेकोसाबार क्रिश्चयन कालोनी गौतमनगर कडवी चौक थाना जरीपटका जिला नागपुर महाराष्ट्र, मो. जावेद पिता मो. कलिम (19 साल) मोमिनपुरा अंसारनगर महात्मा फुलेबाजार थाना गांधीबाग जिला नागपुर महाराष्ट्र, मो. शोहेल पिता मो. सईद (20 साल) नियर अंसारी होटल मुस्लिम ग्राऊड मोमिनपुरा थाना गांधीबाग जिला नागपुर महाराष्ट्र का निवासी होना बताया। पुलिस ने कार की तलाशी के दौरान 16 किलो गांजा कीमत 240000 को जब्त किया। मामले में आरोपियों के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए ज्युडिशियल रिमांड में भेजा गया।

## गणतंत्र दिवस पर आज खाद्य मंत्री बघेल करेंगे ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



76वां गणतंत्र दिवस महासमुंद जिले में पूरे गरिमामय तरीक़े से मनाया जाएगा। जिला मुख्यालय के मिनी स्टेडियम में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री दयाल दास बघेल गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) के अवसर पर सुबह 9 बजे ध्वजारोहण करेंगे। जारी कार्यक्रम के अनुसार मुख्य अतिथि बघेल का समारोह स्थल पर आगमन सुबह 8:58 बजे होगा। 9 बजे ध्वजारोहण एवं सलामी लेंगे। 9:03 बजे परेड का निरीक्षण करेंगे। 9:15 बजे से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का जनता के नाम प्रेषित संदेश का वाचन किया जाएगा। सुबह 9:30 बजे मार्च पास्ट, सुबह 9:50 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम, 10:30 बजे विभागीय झांकियों का प्रदर्शन, 10:45 बजे पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र वितरण और सुबह 11 बजे कार्यक्रम का समापन होगा।

# खरीदी के लिए बचे हैं अब सिर्फ चार दिन, धान बेचने के लिए 9 हजार से अधिक किसान कर रहे इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में धान खरीदी अपने अंतिम दिवस पर है। धान खरीदी केंद्रों के लिए बफर लिमिट समस्या का रुप ले चुका है। जिले के 182 धान खरीदी केंद्रों में से अधिकतर केंद्रों में यह समस्या है। जहां हजारों किंवटल धान का स्टाक है। क्षमता से अधिक स्टाक से प्रभावित धान खरीदी केंद्रों में बचे दिनो में धान करने में समस्या हो सकती है।

मिली जानकारी के अनुसार जिले में अब तक 1 लाख 52 हजार 352 किसानो से 10 लाख 86 हजार क्विंटल से अधिक की खरीदी की जा चुकी है। अभी भी 9 हजार से अधिक किसान अपने उपज बेचने का इंतजार कर रहे हैं ऐसे में अब इन लोगों के पास 4 दिन का समय मिलेगा। बचे किसान अपने धान बेच पाएंगे कि नहीं इसकी चिंता सता रही है। इधर धान का उठाव नहीं होने से केंद्रों में जाम की स्थिति बनी हुई है जो केंद्रों के प्रबंधकों के लिए गले की फांस बनता जा रहा है एवं धान रखने के जगह में कमी होने से बचे इन 4 दिनों में पूरे किसानों की धान खरीदी करने के लिए दिक्कतो का सामना करना पड़ सकता है।



कम परिवाहन होने की पीछे का कारण धान उठाव के लिए संग्रहण केंद्रो के लिए नहीं होना है। धान खरीदी केंद्रों में अब भी 5 लाख 23 हजार क्विंटल धान का उठाव नही हो पाया है। इस वजहों से आने वाले दिनो में जगह एवं खरीदी में समस्या आ सकती एवं जो बचे किसानो के लिए मुसीबत बन सकता है।

### खरीदी ज्यादा उठाव कम

जिले के 182 खरीदी केंद्रों में मोटा 7 लाख 10 हजार से अधिक एवं सरना 3 लाख 34 हजार से अधिक धान एवं पतला धान को मिलाकर कुल 10 लाख 86 हजार से अधिक धान प्राप्त हुऐ है। इसमे से कम ही धान का उठाव हो पाया है जिसके चलते केंद्रो में धान अभी भी बचे हुए है। खरीदी करने की समय सीमा समाप्त होने के उठाव में तेजी आने की संभावना है।

## लोग अपने घरों एवं वाहनों में भी लगाते दिखे तिरंगा

# गणतंत्र दिवस पर लोगों में दिखा उत्साह, दुकानों में रही भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर में गणतंत्र दिवस को लेकर उत्साह देखने को मिल रहा है। लोग अपने घरों एवं वाहनों में तिरंगा लगाने कर रहे हैं वहीं स्कूली छात्र भी पीछे नहीं। छोटे बच्चों से लेकर बड़े बच्चे भी तिरंगा एवं बैच की खरीदी कर रहे हैं। बीते वर्षों के मुकाबले इस वर्ष राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा झंडे की मांग बढ़ी है। शासकीय, अर्द्धशासकीय कार्यालयों के अलावा आमजन के द्वारा भी विभिन्न आकार के तिरंगा झंडे की खरीदी की जा रही है। जिला मुख्यालय में कार फ्लैग की बिक्री 250 रुपए में हो रही है। इसके अलावा ध्वजारोहण के लिए सफेद रंग की टोपी की बिकवाली 100 रूपए की दर से हो रही है। तिरंगे झंडे के खरीददारी के लिए देर शाम तक लोग पहुंचते रहे। गांव के लोगो में खासा उत्साह दिख रहा है। ग्रामीण इलाकों के स्कूली बच्चे भी तिरंगा झंडे एवं बैच एवं तिरंगा रंग के रिबन का कर रहे है।

### लंबाई और चौड़ाई के हिसाब से कार्यालयों में ध्वजारोहण

दो फीट चौड़े और तीन फीट लंबे झंडों की मांग स्कूल, कार्यालयों, ग्राम पंचायतों, जनपद पंचायतों में होती है, वहीं तीन फीट चौड़ा और साढ़े चार फीट लंबे तिरंगे की मांग जिला स्तर के कार्यालयों में होती है। जिला स्तरीय गणतंत्र अथवा स्वतंत्रता दिवस समारोह में भी इसी आकार के ध्वजारोहण होता है। चार फीट चौड़ाई व छह फीट लंबाई वाले राष्ट्रीय ध्वज की मांग जेल, न्यायालय के साथ संभाग स्तरीय कार्यालयों में होती है।



### जगह-जगह मिल रहा तिरंगा

गणतंत्र दिवस पर शहर के प्रमुख चौक के अलावा अन्य चौराहों में भी विभिन्न आकार व कपड़े के तिरंगा झंडा मिल रहा है। तीन रंग वाले ब्रेशलेट, टोपी के अलावा वाहनों में लगाने के लिए भी स्टीकर, झंडे की के साथ में वस्त्रों में लगाए जाने वाले तिरंगा पिन भी मिल रहे हैं। गणतंत्र दिवस पर तिरंगे झंड़े को लेकर बच्चों में भी जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है।

### ओडिशा की शराब जब्त एक आरोपी पर कार्रवाई

**महासमुंद।** बागबाहरा की आबकारी टीम ने एक व्यक्ति के कब्जे से ओडिशा राज्य निर्मित जेब्रा और हिरण छाप शराब जब्त किया है। महासमुंद कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार तथा जिला आबकारी अधिकारी निधीश कोष्टी के मार्गदर्शन में 25 जनवरी को आबकारी वृत्त बागबाहरा अंतर्गत ग्राम बोड़रीदादर के पास आरोपी सनत जोशी पिता अंकाल जोशी निवासी मंदिर हसौद रायपुर के कब्जे से कुल 27.4 लीटर ओडिशा राज्य निर्मित जेब्रा छाप (17 पाउच) और हिरण छाप (120 पाउच) मदिरा जब्त कर किया गया। मामले में आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के अंतर्गत कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक मुकेश वर्मा, विकास बढ़ेंद्र तथा शिव शंकर नेताम एवं अन्य आबकारी स्टाफ उपस्थित रहे।

एस.आर. पैरामेडिकल कॉलेज
छ.ग. शासन के पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
सीमित सीटे
उपलब्ध पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स
- ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन
- पैथोलॉजी लैब टेक्निशियन
- एक्स-रे टेक्निशियन
सरकारी नौकरी हेतु मान्यता प्राप्त कोर्स
काउंसलर का मोबाईल नं.-7880102604
चिखली, पोस्ट-जेवरा सिरसा, धमधा रोड, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

पाठक सूचना
महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9981131365, 9098324969

## खबर संक्षेप

### कॉलेज में वंदे मातरम गीत गायन का आयोजन

**महासमुंद।** राज्य संपर्क अधिकारी रासेयो छग शासन के निर्देशानुसार शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद के स्वामी विवेकानंद सभागार में प्राचार्य प्रो. करुणा दुबे के मार्गदर्शन एवं डॉ. मालती तिवारी जिला संगठक रासेयो जिला महासमुंद के नेतृत्व में वंदे मातरम गीत का गायन किया गया। कार्यक्रम में महासमुंद जिला के रासेयो इकाई के कार्यक्रम अधिकारी एवं स्वयंसेवक सम्मिलित हुए। राष्ट्रगीत वंदे मातरम का गायन स्वयंसेविका लिलेश्वरी मिर्धा एवं नेहा साहू द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ रीता पांडेय, डॉ. नीलम अग्रवाल, डॉ. आरके अग्रवाल, मनीराम धीवर, प्रो. सी खलको, डॉ. दुर्गावती भारतीय, डॉ. सीमारानी प्रधान, अजय कुमार राजा, डॉ. दिलीप बढ़ई, डॉ. अजय कुमार देवांगन, प्रदीप कन्हेर, दीलीप लहरे, सहित कार्यक्रम अधिकारी अजय कुमार राजा एवं राजेश्वरी सोनी शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद, डॉ. सरस्वती वर्मा शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय महासमुंद, यूके बरिया स्व. राजा वीरेंद्र बहादुर शासकीय महाविद्यालय सरायपाली, निर्मल बंजारे श्याम बालाजी महाविद्यालय महासमुंद, गायत्री चंद्राकर शांत्रीबाई कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय महासमुंद, वरिष्ठ स्वयंसेवक प्रकाशमणि साहू, रोहित ढीमर, गोपी सिन्हा, मनोज देवांगन, उर्मिला साहू, खुशबू कन्नौजे, शीतल देवांगन, पोषण साहू, देवयानी बंजारे, नीलम साहू सहित अधिक संख्या में महाविद्यालय के छात्र छात्राएं एवं महाविद्यालय कर्मचारी एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

### 26 को कातलबोड़ की मड़ई

**धमतरी।** ग्रामवासियों के सहयोग से 26 जनवरी को ग्राम कातलबोड़ में मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में गंगासागर नाचा पार्टी कंकालिन जिला बालोद की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी तोमन साहू, सेवक ओझा, सुभाष सोनवानी ने दी है।

### देवरी में मड़ई मेला 27 को

**धमतरी।** ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम देवरी (बारना) में मड़ई मेला का आयोजन 27 जनवरी को किया गया है। रात्रि में झन भूलव मां-बाप ला मोखा पचपेड़ी का कार्यक्रम होगा। यह जानकारी जीवनलाल सरपंच, रामनारायण ध्रुव, कमलेश साहू ने दी है।

### चटौद में मड़ई मेला 27 को

**जीजामगांव।** इस वर्ष भी ग्राम चटौद में ग्रामवासियों के सहयोग से 27 जनवरी को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है।

# स्कूली छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में दी आकर्षक प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

दुर्गा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लंबर में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जीएस तोमर अध्यक्ष दुर्गा शिक्षण व सेवा समिति लंबर, अध्यक्षता जीपी पटेल प्राचार्य, आरआर पटेल, अंगद साहू विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्या दायिनी मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर किया गया।

मुख्य अतिथि तोमर ने कहा कि विद्यार्थियों की सर्वांगीण विकास व छुपी हुई कला एवं प्रतिभाओं को निखारने के लिए विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होना चाहिए। और उसी अनुरूप यह विद्यालय प्रति वर्ष सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन करते आ रहा है। इसके लिए मैं विद्यालय के कार्यक्रम प्रभारी, समस्त शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं को साधुवाद देता हूं। सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान सरायपाली न्यायालय के जज पंकज आलोक तिर्की (हितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश) एवं पवन अग्रवाल (अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश) का आगमन हुआ और उनके द्वारा विद्यालय परिसर में स्थापित स्वामी विवेकानंद एवं राष्ट्र पिता महात्मा गांधी के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। न्यायाधीश तिर्की ने कहा कि पहले और अभी के शिक्षा व्यवस्था में बहुत अंतर देखने को मिलता है। वर्तमान शिक्षा प्रणाली को सुधारने के लिए फिर से शिक्षकों को उनके छड़ी वापस कर दो, शिक्षा व्यवस्था सुधर जाएगी। आगे अपने उद्बोधन में उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी पालकों से कहा कि छात्र, शिक्षक के संबंध मधुर होते हैं, बेवजह शिकायत नहीं होनी चाहिए। यदि शिक्षकों द्वारा गलत होता है तो आवाज भी उठानी चाहिए। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश पवन अग्रवाल ने कहा



कि सांस्कृतिक कार्यक्रम के बीच में ज्यादा बोलना ठीक नही है, लेकिन उन्होंने समस्त छात्र एवं छात्राओं को जादू टोना, टोनही अपराध अधिनियम, भूत प्रेत, अंधविश्वास, गुटखा एवं गुड टच, बेड टच के बारे में बताते हुए समस्त विद्यार्थियों को जीवनपर्यंत नशापान न करने की संकल्प कराया। और कहा कि नशा पान करने वाला तो बरबाद होता ही है और वह पूरे परिवार को भी बरबाद कर देता है। सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। जिसमे छत्तीसगढ़ी, उड़िया, हिंदी गीतों पर अपनी प्रस्तुति दी।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में नवीन पटेल प्राचार्य शासकीय हाईस्कूल लंबर, आरके प्रधान छात्रावास अधीक्षक, शिक्षक भोई, केडी मानिकपुरी, मदन चौरसिया, चंदू चौरसिया, रामेश्वर सिदार, डीजे पटेल, भीमदेव, शिव साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के व्याख्याता एवं समस्त स्टाफ एवं छात्र संघ पदाधिकारी ने सहयोग प्रदान किए। जिसमे जेके जायसवाल, वीएल साहू, डी मानिकपुरी, एलके साहू, सीआर जायसवाल, सीके जायसवाल, अजय चंद्रा, एलके सिदार, एफएस बरिहा, खिरोद्र सितार, मनीषा साहू शालायक, रीतू पटेल सांस्कृतिक सचिव, हेमलता यादव, धनुर्जय श्रीवास, पवन बरिहा, साहिल चंद्रा, शंकराजीत आदि थे। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम प्रभारी आरके पटेल ने किया।

## मतदाता दिवस : नए मतदाताओं को ईपिक कार्ड देकर सम्मानित किया गया

# लोकतंत्र में मतदान के महत्व को समझना जरूरी: कलेक्टर विनय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में इस वर्ष भी 25 जनवरी को 15 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य महाविद्यालय के सभागार में जिला स्तरीय मतदाता दिवस के अवसर पर कलेक्टर एवं ज़िला निर्वाचन अधिकारी विनय लंगेह मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे। समारोह की अध्यक्षता वन मंडलाधिकारी पंकज राजपूत ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत सीईओ एस आलोक, उप जिला निर्वाचन अधिकारी रवि कुमार साहू थे। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर देश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदाता दिवस का संदेश दिया।

भारत निर्वाचन आयोग का उद्देश्य इस समारोह के द्वारा 17-18 वर्ष आयु पूर्ण करने वाले लोगों में पंजीयन के लिए जागरुकता पैदा करना है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी लंगेह ने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। यहां लोग स्वयं अपनी सरकार चुनते हैं। प्रत्येक 18 वर्ष एवं इससे अधिक आयु का वयस्क नागरिक मतदान करने का अधिकारी है। नागरिकों का मतदान का मतलब उनका अपनी सरकार चुनने में योगदान देने से है। प्रत्येक मतदान का अपना महत्व है।



क्योंकि, बहुमत के आधार पर ही सरकार का निर्णय होता है। अर्थात सरकारें बहुमत के आधार पर ही चुनी जाती हैं। हम सभी राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी निभाते हुए अपने अपने नगर, गांव टोला में 18 वर्ष पूरे कर चुके युवक-युवतियों का मतदाता सूची में नाम दर्ज करवाना हम सभी की जिम्मेदारी है। ताकि, 18 वर्ष पूर्ण कर चुके युवक-युवती राष्ट्र के निर्माण में अपना बहुमूल्य वोट देकर जिम्मेदार नागरिक का फर्ज निभाए। प्रयास करें कि एक भी 18 वर्ष से ऊपर के नागरिक का नाम मतदाता सूची से वंचित ना हो। इस दौरान उन्होंने कहा कि वोट देने का मतलब लोकतंत्र की प्रक्रिया को मजबूत बनाना है। उन्होंने अनेक उदाहरण से बताया कि भारत में लोकतंत्र की जड़े कितनी गहरी है। मतदान करने से ही लोकतंत्र की खूबसूरती है। इस अवसर पर कलेक्टर ने निर्वाचन में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बीएलओ से लेकर अधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि जिले में सबके सहयोग से स्वतंत्र और निष्पक्ष निर्वाचन सम्पन्न हो पाया।

इस अवसर पर वनमंडल अधिकारी पंकज राजपूत ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि हमे अपने वोट के अधिकार को समझना है। उन्होंने कहा कि हमे अपने अधिकार के लिए आवाज उठानी होगी, इसका इस्तेमाल करना होगा तभी लोकतंत्र सशक्त होगा। उन्होंने एक वोट का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि कोई एक वोट से जीतता या हारता है ये लोकतांत्रिक प्रक्रिया में निर्वाचन के कारण होता है। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एस आलोक ने अपने प्रतिवेदन में कहा कि प्रत्येक मतदाताओं को अपने वोट का उपयोग अवश्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग एक संवैधानिक संस्था है। देश में प्रजातांत्रिक व्यवस्था यहां की खूबसूरती है। यहां हर व्यक्ति को अपने जनप्रतिनिधि का चुनाव करने का अधिकार होता है। उन्होंने यह भी बताया कि मताधिकार एक विधिक अधिकार है। उन्होंने महासमुंद में पिछले लोकसभा निर्वाचन के आंकड़ों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी रवि कुमार साहू ने बताया कि स्थानीय निर्वाचन के लिए आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। उन्होंने महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं से स्वीप के तहत जगाव मतदाता आभियान में सहभागिता निभाने की अपील की। सहायक नोडल अधिकारी स्वीप व जिला मिशन समन्वयक रेखराज शर्मा ने बताया कि लोकसभा सभा निर्वाचन के दौरान लगभग 84 प्रतिशत मतदान हुआ जो यह दर्शाता है कि महासमूंद के मतदाता कितने जागरूक है।

इस अवसर पर महाविद्यालय के नोडल प्राध्यापक, स्कूल व अन्य अधिकारी, बीएलओ, कैंपस अंबेसेडर, निर्वाचन से जुड़े लगभग 82 अधिकारी कर्मचारी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मतदाताओं को शपथ दिलाई गई और नए मतदाताओं को ईपिक कार्ड और पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। इनमे देवेंद्र निषाद, रूपेश साहू, महेंद्र, यशोदा जलक्षत्री, प्रियांशु, शामिल है। महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं द्वारा मतदाता दिवस के थीम पर आकर्षक रंगोली बनाकर संदेश दिया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय स्वीप के नोडल अधिकारी सहायक प्राध्यापक राजेश्वरी सोनी को 7 हजार का चेक और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। बीएलओ पुष्पा साहू, डोरी साव, चंद्रिका यादव, सावित्री रजक को 5-5 हजार का चेक प्रदान किया गया। वन विभाग, निर्वाचन शाखा, समाज कल्याण विभाग, नगर पालिका स्वच्छता टीम, आदिवासी विभाग, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व, स्काउट, एनएसएस, शिक्षा विभाग, जनसंपर्क विभाग, महाविद्यालय, आईटीआई, पीएचई, परिवहन अधिकारी, महिला बाल विकास, जिला खेल अधिकारी एवं अन्य विभाग को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ करुणा दुबे, जिला अधिकारी, महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, छात्र छात्राएं, बीएलओ और निर्वाचन से जुड़े अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

## महाविद्यालय में मतदाता जागरुकता और शपथ ग्रहण का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

शासकीय महाविद्यालय बागबाहरा में मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया। इस जागरुकता अभियान में मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने अनेक प्रकार की प्रतियोगिता जैसे रंगोली, स्लोगन लेखन, पोस्टर और भाषण प्रतियोगिता रखा गया था। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ के भाग लिया। इस कार्यक्रम में उमेश कुमार साहू, एसडीएम बागबाहरा और राजेश कौशिक उपस्थिति रहे। एसडीएम ने सभी को मतदान की आवश्यकता और महत्व पर विस्तार से चर्चा की। और मतदाता शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. खिलावन पटेल ने किया और इसके मनाए जाने के पीछे निर्वाचन आयोग का उद्देश्य है को बताया कि भारत देश आज 25 जनवरी 2025 को अपनी 15वीं राष्ट्रीय मतदाता दिवस मना रहा है, जो लोकतंत्र की मज़बूती में हर वोट की शक्ति और महत्व को सेलिब्रेट करता है। यह वार्षिक आयोजन चुनाव आयोग की स्थापना की याद में मनाया जाता है और यह मतदाताओं की भूमिका को उजागर करता है, जो लोकतंत्र को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। राष्ट्रीय मतदाता दिवस की हर साल कोई विशेष थीम निर्धारित की जाती है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2025 की वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम है। यह मतदाताओं को उनके अधिकार और कर्तव्य के रूप में वोट करने पर गर्व करने के लिए प्रेरित करता है। यह विषय राष्ट्रीय, राज्य, जिला और स्थानीय स्तरों पर प्रसारित होता है और नागरिकों को उनके वोट की बदलने वाली शक्ति को पहचानने के लिए प्रेरित करता है। कार्यक्रम की समापन में प्राचार्य डॉ. रश्मि मिंज ने मतदाता जागरुकता के बारे में संक्षेप में बताया और एसडीएम का धन्यवाद ज्ञापन किए। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, अतिथि व्याख्यातागण और राष्ट्रीय सेवा योजना के समस्त विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

### कॉलेज में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर छात्रों ने ली शपथ

महासमुंद। श्याम बालाजी कॉलेज में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर 25 जनवरी को कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना निर्मल बंजारे के नेतृत्व में राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता एवं शपथ कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमे छात्र-छात्राओं को निष्पक्ष मतदान करने तथा अपने आसपास के लोगों को जागरूक करने शपथ दिलाई। लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए लोकतांत्रिक परंपराओ के मर्यादा को बनाए रखने स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, जाति, समुदाय, भाषा, अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दोहराया गया। और सभी छात्र –छात्राओं को कहा गया कि आगामी सभी चुनावों में अपने मताधिकार का प्रयोग करके जागरूक मतदाता होने का गौरव प्राप्त करें। मतदान प्रतिशत बढ़ने से ही सर्वश्रेष्ठ लोकतांत्रिक सरकार के गठन में मतदाताओं की भूमिका सराहनीय रहती है। इस दौरान प्राचार्य डॉ. अंकिता चंद्राकर, सहायक प्राध्यापिका उमा चौधरी, टीआर, आशी चंद्राकर व रेणुका धीवर उपस्थित थे।

## फाइलेरिया मुक्त अभियान के तहत सामूहिक दवा सेवन प्रशिक्षण

**सरायपाली।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बीएमओ वीएके कोसरिया के निर्देशन में पीएचसी बलोदा के समस्त आरएचओ, सीएचओ, पीएचसी स्टॉफ, मितानिन प्रशिक्षक , मितानिन व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को फाईलेरिया मुक्त अभियान के अंतर्गत सामूहिक दवा सेवन (एमडीए) का प्रशिक्षण दिया गया। जिसमे बताया गया कि फाइलेरिया बीमारी क्युलेक्स मच्छर के काटने से एक संक्रमित व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलता है। इसलिए फाइलेरिया रोधी दवाई सभी को खाना चाहिए। ताकि, फाइलेरिया ( हाथी पांव, हाइड्रोसिल) की बीमारी समुदाय में नहीं फैल पाए। सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम 10 फरवरी से 14 फरवरी तक आंगनबाड़ी केंद्र, स्कूल व सभी शासकीय संस्थाओं में आईडीए की दवाई खिलाई जाएगी तथा15 फरवरी से 25 फरवरी तक घर-घर भ्रमण कर दवाई खिलाई जाएगी। 26 फरवरी से 28 फरवरी तक छूटे हुए लाभार्थियों को मापअप राउंड में दवाई खिलाना है। फाइलेरिया रोधी दवाई को गर्भवती महिलाओं, 0 से 2 वर्ष के बच्चे व गंभीर बीमारी वालों को नहीं खिलाना है। आईडीए की दवाई को खाली पेट नहीं खिलाना है। इस प्रशिक्षण में डब्ल्यूएचओ से प्रशांत दुबे (पीसीआई ), संकीर्तन बुड़ेक ( एमआई), डोलामणी भोई सेक्टर सुपरवाइजर बलोदा उपस्थित थे।

## गणपर्व की पूर्व संध्या पर काव्य गोष्ठी, देशभक्ति के साथ सम-सामयिक कविताएं पढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

देश के 76वें गणपर्व की पूर्व संध्या पर स्थानीय साहित्य समिति आस्था के संयोजन में साहित्यकार डॉ. साधना कसार के निवास में काव्यगोष्ठी हुई। जिसमें साहित्य शिल्पियों ने देशभक्ति के साथ सम-सामयिक कविताएं पढ़ीं। वरिष्ठ साहित्यकार आनंद तिवारी पौराणिक एवं एस चंद्रसेन ने मंगलदीप प्रज्वलित कर गोष्ठी का शुभारंभ किया। सुरेंद्र अग्निहोत्री ने सुरीले स्वरों में राष्ट्र वंदना व मां वाग्देवी की अभ्यर्थना की। बंधु राजेश्वर खरे ने प्रगति पथ पर अग्रसर देश की स्थिति पर कहा-कल तक जो दबा कुचला था, वह आगे चल रहा है, देश बदल रहा है। सुरेंद्र अग्निहोत्री ने कहा-हमर देस



के सान हे, ये गणतंत्र महान हे। डॉ. साधना कसार ने पंक्तियां दी-संविधान का नव सूर्य, नई रश्मियां बिखराता है। एस चंद्रसेन ने जब भारत, वंदे मातरम-गीत प्रस्तुत कर भारतभूमि की प्रतिष्ठा को ऊंचाईयां दी। गजलकार अशोक शर्मा ने मां की वात्सल्यता व दुलार पर कहा-अम्मा, तेरी थाल से, दाल भात का ग्रास। आनंद तिवारी पौराणिक ने भारतीय लोकतंत्र की महानता पर कहा-नवल प्रभात रश्मि तेजोमय। जयति, जयति गणपर्व जयति जय। कार्यक्रम में डॉ. अनिरूद्ध कसार, श्वेत कसार व समृद्ध कसार का विशिष्ठ सहयोग रहा।

## वाइब्रेशन एवं चुंबकीय शिविर में 181 लोगों की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अखिल विश्व गायत्री परिवार के शाखा गायत्री परिवार ट्रस्ट बागबाहरा की ओर से 19 जनवरी से 24 जनवरी 2025 तक (सात दिवसीय), एक्यूप्रेशर वाइब्रेशन एवं चुंबकीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे नगर के अलावा आसपास के गांवों से 181 लोगों ने जांच करवाई। आयोजन समिति के अध्यक्ष एवं मुख्य प्रबंध ट्रस्टी विश्वनाथ अग्रवाल ने बताया कि डॉ वीआर चौधरी के नेतृत्व वाली टीम ने लोगों का उपचार किया। टीम में मुख्य रूप से डॉ वीआर चौधरी के अलावा डॉ देवाराम जाखड़ और सहयोगी सुरेश मुंड ने एक्यूप्रेशर पद्धति से ईलाज में एक्यू बिंदुओं पर दबाव देकर स्पंदन करके रोगों का उपचार किया। शिविर का समापन 24 जनवरी



